Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-06-2022 | अंक 269

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## थाना के सामने एक घर से लाखो का जेवर और नकद ले उड़े चोर, थाना में दिया आवेदन






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड निवासी अजय कुमार पासवान ने बरही थाना में चोरी को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने कहा की मेरा पूरा परिवार घर में ताला लगाकर तीन दिन पूर्व निजी काम से धनबाद गए हुए थे। घर के सुरक्षा के लिए जगह जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। परंतु बीते सोमवार रात को को लगभग 12 बजे एक कैमरा काम करना बंद कर दिया था। मैने यह सोचकर इस बात को टाल दिया की कुछ खराबी के कारण काम नही कर रहा होगा। लेकिन मैं जब मंगलवार सुबह सोकर उठा तब देखा की मेरा घर में लगा सारा कैमरा काम करना बंद कर दिया था। मैं तुरंत अपना चचेरा भाई रवि पासवान को फोन करके घर जाकर देखने के लिए बोला। उसने थोड़ा देर बाद मुझे फोन करके बताया की घर के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है। हम सभी परिवार इस बात की खबर सुनकर अपना घर पहुंचे और घर पहुंचकर देखा की घर के पीछे का दरवाजा और दो अलमारी टूटा हुआ देखा और अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। आलमारी में रखा लाखों का जेवर और नकद चोर लेकर उड़ गए। और घर में लगा कैमरा का तार काटकर डिवाइस भी लेकर फरार हो गए। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इससे पूर्व भी 15 फरवरी 2021 को चोरी हुआ था जिसमे सात हजार नकद, चांदी का तीन सिक्का, सोना का झुमका एक जोड़ा, एक लेदर बैग, कपड़ा से भरा एक बैग सहित और कुछ जरूरी सामान चोरी कर लिया गया था। इस बात को लेकर मैंने बरही थाना में लिखित आवेदन भी दिया था परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आस पास के ग्रामीणों ने कहा की थाना के आस पास के घरों से होने पर लोगो में भय का माहौल है। वहीं पीड़ित अजय कुमार पासवान ने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा की जल्द से जल्द बरही पुलिस इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले चोर को गिरफ्तार किया जाए।

## कुआं साफ करने के दौरान 3 लोगों की मौत एक की स्थिति नाजुक




**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज मंगलवार को गिरिडीह जिला अंतर्गत देवरी थाना क्षेत्र स्थित बरवाबाद निवासी गिरिजा विश्वकर्मा के घर के अंदर कुआं साफ करने के दौरान 3 लोगों की मौत हो जाने और एक की स्थिति गंभीर होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतकों में बरवाबाद निवासी कैलाश विश्वकर्मा के पुत्र महेश विश्वकर्मा, और गिरिजा विश्वकर्मा के दो रिश्तेदार शामिल है वहीं बंधु विश्वकर्मा के पुत्र छतिस उर्फ भिखारी विश्वकर्मा बताया जा रहा है।वहीं मौत को लेकर अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है।घटना देवरी थाना क्षेत्र के बरवाबाद की जहां गिरिजा विश्वकर्मा अपने घर के अंदर बने कुएं की सफाई करवा रहे थे इसी क्रम में पहले गिरिजा विश्वकर्मा के दो रिश्तेदार कुएं के अंदर जाकर कचड़ा साफ कर रहे थे तभी दोनों बेहोश हो गए जिसे बचाने के लिए महेश विश्वकर्मा और छतीस विश्वकर्मा भी कुएं के अंदर गए किन्तु वो दोनों भी बे. होश हो गए। हो हल्ला के बाद ग्रामीण एन केन प्रक. ारेन चारों को बाहर निकाला और आननफानन में इलाज हेतु जमुआ दुबे नर्सिंग होम ले गया जहां तीनो को मृत घोषित कर दिया गया वहीं एक को गिरिडीह रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त कुएं की सफाई कुएं के अंदर होंडा मशीन को रस्सी से लटक. ाकर पानी निकाल रहा था जिसके धुंए से गैस बन जाने से उक्त लोगों की जान चली गई।मौके पर पुलिस निरीक्षक परमेश्वर लीयांगी,देवरी थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी,तीसरी थाना पिकु प्रसाद दल बल के साथ पहुंच कर घटना का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।वहीं मौत को लेकर मृतक महेश के परिजन शव को गिरिजा विश्वकर्मा घर के द्वार पर रख कर हो हागमा कर जान बूझकर मारने का आरोप लगा रहे हैं ।

## आर ओ आईं एस के छात्रों ने फिर दिखाया अपना हुनर,

### पेंटिंग, डांसिंग और मॉडलिंग, चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



डांस वर्ल्ड ऑफ चौपारण द्वारा रविवार को होटल सेलिब्रेशन में आयोजित डांसिंग स्टार की खोज सीजन 3 में चाकुरटांड, रसोइया धमना, बरही, हजारीबाग के आर ओ आई एस के छात्रों ने एक बार फिर अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता में पेंटिंग, डांसिंग और मॉडलिंग की विभिन्न कैटेगरी में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के कुल 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमे आर,ओ,आई,एस, से 22 विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में, 14 विद्यार्थियों ने नृत्य प्रतियो. गिता में तथा 2 विद्यार्थियों ने म०डलिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आर.ओ.आई.एस के छात्रों का ऑडिशन में 385 छात्रों के साथ कड़ा मुकाबला हुआ और उन्होंने फाइनल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई और अंत में चित्रकला प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में तीसरी कक्षा की परी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और चित्रकला प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में 7वीं कक्षा के आलोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और 10वीं कक्षा की प्राची केशरी ने वरिष्ठ वर्ग से चित्रकला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, दसवीं कक्षा के शिवम कुमार प्रजापति ने 27 विद्यार्थियों में म०डलिंग प्रतियोगिता में प्रथम तथा दसवीं कक्षा की स्नेहा राज ने नृत्य प्रतियो. गिता में 28 विद्यार्थियों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आर ओ आई एस के प्राचार्य ए के सिंह ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आर ओ आई एस ने हमेशा अपने छात्रों को इस प्रकार की सभी गतिविधियों में प्रेरित किया । जहां छात्र अपनी छिपी प्रतिभा दिखा सकते हैं जो उनके समग्र विकास को बढ़ावा देता है। सभी शिक्षक शांति कुमारी, शेरोन थॉमस, लक्ष्मी कुमारी, इंदु कुमारी, रीता कुमारी, उषा कुमारी, सुनील पांडे, मोजीबुर रहमान, पवन कुमार, प्रशांत कुमार, नवीन कुमार, नीरज कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, आलोक कुमार, सुभाषिस पाइन और प्रतिमा कुमारी ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी थी। उन्होंने हमेशा अपने छात्रों को अपनी छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## मुखिया ने किया ग्रामसभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत भवन में बीडीओ के आदेश पर मुखिया मंगलदेव यादव के अध्यक्षता में जिला खनन फाउंडेशन के तहत योजना चयन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं का चयन भी किया गया। शामिल किए गए योजनाओं में सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल शामिल है। मौके पर रोजगार सेवक सुधीर कुमार, उपमुखिया चंचला देवी, मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश यादव, सुभाष पासवान, सकलदेव पासवान, जमीरुद्दीन अंसारी, जितेंद्र कुमार, नकुल कुमार, यशोदा देवी, सुनीता देवी, विजय यादव, शमशेर आसंरी, चंदन कुमार, अरविंद कुमार, शिक्षक विरेंद्र कुमार, केदार यादव, सुरेश दास, राजेश यादव, नरेश यादव, सुशील देवी, उदय राम आदि कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पिता की जीत को शिल्पी तिर्की ने रखा बरकरार : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पूनम यादव

मांडर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने पिता की जीत को बरकरार रखा है। शिल्पी ने भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर को 23157 वोट से पराजित की है। बता दे की पूर्व विधायक बंधु तिर्की के आय से अधिक संपत्ति मामले में विधानसभा की सदस्यता रद्द होने के बाद यह सीट खाली हुआ था।

आरजेडी के युवा प्रदेशमहासचिव पुनम यादव ने जीत पर बधाई देते हुए कहा की धनबल, झूठ, छल और शोषण की राजनीति को मांडर की जनता ने चारो खाने चित कर दिया है। कहा की झारखंड सरकार गरीब, शोषित और वंचित समाज के लिए नौ. करी, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा से जुड़ी हुई कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है। इन योजनाओं का आप जितना आप लाभ लेंगे समाज उतना आगे बढ़ेगा।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चंदवारा-कांको पथ जर्जर, पिपराडीह मुखिया महामहिम राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपी ज्ञापन

### जर्जर पथ पर रोजाना होती है दुर्घटना – कल्याणी देवी

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा चौक से भाया पिपराडीह होते हुए गैड़ा कांको तक बने आरईओ पथ की जर्जर स्थिति को लेकर पिपराडीह पंचायत की मुखिया कल्याणी देवी ने महामहिम राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंप कर पिपराडीह से कांको तक जर्जर पथ पुनर्निर्माण की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि चंदवारा चौक से पिपराडीह–गैड़ा–कांको पथ लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था। जो काफी खराब हो चुका है। सड़क बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिससे आम जनमानस काफी परेशान है। उन्होंने कहा है कि सड़क की खराब स्थिति से नित्यदिन दुर्घटना होना आम बात हो गया है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क का पुनर्निर्माण करवाने की मांग की है।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया मामला दर्ज

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार मामले को लेकर छापेमारी की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बलोदर गांव जंगल से ढाई टन कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया किया। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 170 / 22 दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर मालिक अवैध कोयला खदान मालिक चालक एवं कारोबार में शामिल लोगों पर 33 वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सर्पदंश से युवक गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया निवासी नंदकिशोर यादव उम्र 22 वर्ष पिता नरेश यादव को खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जानकारी मिलने पर आनन फानन में परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।





Our Partners




सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## आंगनबाडी केंद्र में हो रहा है हेर फेर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत भण्डारीडीह की चार सहायिकाओं सफिहा प्रवीण, रुखसाना प्रवीण,शबाना आजमी और इशरत प्रवीण नें माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा से अपने अपने क्षेत्र की सेविका के द्वारा पोषाहार की मनमानी तरीके से बंदरबाट करने की शिकायत की है। इनलोगो का कहना है कि सेविका के द्वारा लगातार लापरवही बरती जा रही है,जब हमलोग लिखिति शिकायत सी डी पी ओ और सुपरभाईजर को दिए तो अधिकारी के लोग के द्वारा उल्टा धमकाया गया कि तुमलोग ही गलत हो,बिना कुछ किए वोचर पर साईन करने बोलते है जो हमलोग हरगिज नहीं करेंगे,इनलोगो ने यह भीआरोप लगाया कि एक आध सेविका के हसबेंड भी हम सहायिकाओं के साथ गाली गलौज करते है।,इसकी शिकायत अधिकारीयों से करने पर हमसब को उल्टे ट०र्चर किया जाता है।

सारी शिकायत सुनने के बाद भाकपा माले नेता रा. जेश सिन्हा ने कहा कि पूरे जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों का यही हाल है सरकार बदल गई किन्तु सिस्टम में कोई सुधार नहीं हुआ है। हालात अब पिछ्ली सरकार से भी बदतर हो गया है हरेक विभाग को सिर्फ फायदा चाहिए कार्य उनको कुछ करना नही है। सिन्हा ने कहा कि जल्द उस भंडारीडीह इलाके में एक बैठक कर केसमस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने पर विचार किया जाएगा। लुटखोरी बंद करना होगा जिला प्रशासन को वरना आंदोलन किया जाएगा पूरे जिले भर में ।भारी लूट जारी है जनता सब जानती है किंतु एकत्रित आवाज नहीं है इसलिए दिक्कत होती है,जल्द ही जांच के लिए झारखंड के मंत्री के पास शिकायत पत्र भेजा जाएगा। संबंधित विभाग को सचेत होने का एक सप्ताह समय दिया जाएगा,साथ ही साथ दूसरे पक्ष की बातों को भी सुना जायेगा बैठक में ।

## नए समाहरणालय भवन सभागार में मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




आज दिनांक 26 जून सोमवर को नए समाहरणालय सभागार गिरिडीह में गिरिडीह उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की मासिक समिकक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त महोदय के द्वारा निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द सभी योजनाओं से संबंधित कार्यो में गति लाएं।इस बैठक में पोषण अभियान, कोविड–19 वैक्सीनशन, टीएचआर वितरण, व०श स्टेटस वृद्धा आश्रम, सुकन्या समृद्धि, कुपोषण उपचार केंद्र,योजनायों एवं रिक्त पदों पे चर्चा किया गया। इस बैठक में सभी बल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, सभी एनजीओ पार्टनर एवं यूनिसेफ टीम मेंब मौजूद थे।




## नया समाहरणालय भवन सभागार में स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार सम्मान समारोह आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




आज दिनांक 26 जून को नया समाहरणालय सभागार गिरिडीह में स्वछ विद्यालय पुरुस्कार 21-22 अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । जिसमे गिरिडीह जिले में जिला स्तरीय पुरुस्कार में चयनित 37 विद्यालयों को सम्मानित किया गया।चयन का मापदंड स्वछ विद्यालय पुरुस्कार पोर्टल अंतर्गत 6 भागो ( शौचालय, हाथ धुलाई, व्यबहार परिवर्तन, कोविड-19,संचालन और रख रखाव, शुद्ध पेयजल) के आधार पे 59 बिंदुओं के मानक के अनुरूप पुरुस्कार वितरण किया गया। इस समारोह में जिले से 38 चयनित विद्यालयों से संबंधित शिक्षक, एसएमसी मेंबर एवं चाइल्ड कैबिनेट के सदस्यों के द्वारा भी भाग लिया गया। सम्पूर्ण अंक के आधार पेट चयनित 8 विद्यालयों की सूची इस प्रकार है 1 प्लस 2 उच्च विद्यालय,कुम्हारलालो, पीरटांड़। 2 . शारदा कन्या मध्य विद्यालय, गिरिडीह 3. मध्य विद्यालय, गांडेय 4. बीरेंद्र अयन प्लस 2 उच्च विद्यालय,डोरोंडा, धनवार 5. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गिरिडीह 6. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बसमत्ता, बेंगाबाद 7. मध्य विद्यालय, डोरोंडा, धनवार, 8. उत्क्रमित उच्च विद्यालय,दोनदलो,बगोदर इस मीटिंग में स्वछ विद्यालय पुरुस्कार चयन समिति के सभो सदस्यों के द्वारा भी भाग लिया गया। इस समारोह में यूनिसेफ के श्री अजीत कुमार सिंह, जिला प्रबंधक, यूनिसेफ संपोषित संस्था वर्ल्ड विजन इंडिया, श्री गजाधर प्रसाद सिंह एवं श्री संतोष कुमार सिंह ,प्रखंड समन्वयक को स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा सभी पुरुस्कृत विद्यालयों को शुभकामनाएं दी गई और कहा की हम सभी की जिंदगी में स्वच्तता का बहुत महत्व है और हम सभी को अपनी जिंदगी में इसे अपनाना चाहिए। इस समारोह में श्रीमती पुष्पा कुज्जुर, जिला शिक्षा पदा. धिकारी ,श्रीमती रश्मि सिन्हा,जिला जनसंपर्क पदा. धिकारी, श्री विनय कुमार, श्री नयन कुमार, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी, श्री अभिनव सिन्हा, श्री राज कुमार, शिक्षा विभाग, श्री, मुकेश मंडल, जिला जल एवं स्वछता विभाग, कार्यपालक अभियंता, अविव्यक्ति फ०उंडेशन एवं प्रथम फाउंडेशन,श्री अजीत कुमार सिंह, वाश यूनिसेफ सपोर्टेड टीम वर्ल्ड विजन इंडिया मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने मेगा पेंशन कैंप का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



झारखंड सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडो के पंचायत सचिवालयों में मेगा पेंशन कैंप लगाकर कर लाभुकों को पेंशन से आच्छादित करना है। इसी क्रम में जमुआ प्रखंड में वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन के विशेष कैम्पों में क्षेत्राधीन सभी सातों पंचायत सचिवालयों क्रमशः धुरगडगी,तारा, बदडीहा,पिंडरसोत,शाली,धोतो ,रेम्बा का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने द्वीप प्रज्जविलत कर किया। अपने संबोधन में जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि मैं अपने जिला परिषद क्षेत्र से सम्बंधित सभी पंचायतों के बीएलओ, रोजगार सेवकों, पंचायत सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना काफी जनकल्याणकारी है जिसे समाज के अंतिम जरूरत मंदो तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है जिसे हम सबों को पुरी निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ निस्वार्थ भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। कहीं किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। संबंधित पंचायतों के मुखिया,उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि हम सबों को आपसी तालमेल और सामंजस्य बैठा कर क्षेत्र की मूलभूत जन समस्याओं का निदान एवं चहोमुखी विकास करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। सभी पंचायत सचिवालयों में जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा का भव्य स्वागत किया गया बुके देकर एवं आम जनता में काफी उत्साह देखा गया। क्षेत्र में लोग काफी प्रशंसा काफी चर्चा करते हुए देखे जा रहें हैं की अभी तक इस तरह का सक्रिय ज़िला परिषद सदस्य नही हुआ था जो जीतने के बाद लगातार सक्रिय हों और जन समस्याओं के प्रति गंभीर रहने वाली पहली जिला परिषद सदस्य हैं जो लगातार क्षेत्र का दौरा पर है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा को मिला 2021-22 का स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



भारत अभियान के तहत जिला प्रसासनस्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन,गिरिडीह की ओर से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा,गिरिडीह को सत्र 2021-22 का स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार प्राप्त हुआ।भैया आर्यन राज की उपस्थिति में प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने यह पुरस्कार उपायुक्त महोदय, गिरिडीह से प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस सत्र में जिले से चयनित 37विद्यालयों में एसएसवीएम को 97प्रतिशत अंक प्राप्त कर फाइव स्टार रैंकिंग की उपलब्धि प्राप्त किया। कहा कि इस सफलता को पाने का गौरव भैया-बहनों का शौचालय, हाथ धुलाई,शुद्ध पेयजल, व्यवहार परिवर्तन,स्वच्छ परिसर आदि के प्रति जागरुक रहने का प्रतिफल है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नयाटांड मंडा पूजा में उपस्थित हुई विधायक अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव : नयाटांड़ शिव मंडा पूजा समिति के द्वारा मंडा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने उपस्थित हुई। विधायक ने ग्राम नयाटांड़ पहुंच कर शिव भक्तों को मंडा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने की संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड का पारम्परिक लोकपर्व मंडा पूजा हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व झारखंड की संस्कृति की पहचान है तथा शिव भक्त मंडा पूजा अच्छी बारिश, खेती और समृद्धि के लिए मनाते हैं। उन्होंने आयोजन कर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि मंडा पूजा के नाम पर लोगों को एक सूत्र में पिरोए जाने का काम किया है। जिस भी ग्राम में मंडा पूजा का आयोजन होता है वहां के आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय एवं भगवान भोले शंकर की आशीर्वाद से परिपूर्ण होता है। मौके पर मुख्य रुप से मुखिया लीलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार ,अध्यक्ष सतीश कुमार दास, पूखण राणा, पच्चू राणा, विकास महतो, दीपक नायक, भवानी महतो, पारसनाथ प्रसाद, सुबोध नायक, पप्पू नायक, इंद्रदेव नायक, पप्पू प्रजा. पति, बबलू महतो, मुरली महतो, सतीश राम, गोपाल नायक, सूरज राम, पप्पू महतो, सुनील नायक, रूपेश नायक, जागेश्वर महतो, दीपक महतो, राम महतो समेत मंडा पूजा के तमाम भक्तगण मौके पर उपस्थित थे।

## ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के संस्थापक व निदेशक सुनील कुमार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय के छात्र रंजीत कुमार महतो ने 93% अंक लाकर अपने संस्थान का टॉपर बना। द्वितीय स्थान पर सागर कुमार राणा 91.8% तथा तृतीय स्थान पर ज्योति कुमारी 91% प्राप्त की। इसके अलावा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में किरण कुमारी 438, ममता कुमारी 437, रंजीत कुमार महतो 436, पिंकी कुमारी 435, उमाशंकर 433, राहुल कुमार पा. सवान 433, आशीष कुमार 430, सोनम कुमारी 429, राहुल कुमार महतो 420, शालिनी कुमारी 420, रेखा कुमारी 410, रौनक कुमार 410, मोहित कुमार 414, तुलेश्वर कुमार 398, गायत्री कुमारी 393, अंकिता 378, विशाल 373, राखी 385, आरती 392, अंजलि 352, कुसुम 335, विजय 330, श्वेता 353, कविता 303, कविता 310, आरती, काजल, मनीष, सोनाली, रितिक, नमिता, ममता, सुषमा, सुबोध, अशोक इत्यादि संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया विज्ञान संकाय की ग्यारहवीं की कक्षा चल रही है। दसवीं में 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्र को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। मौके पर जीईईएस के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार महतो, चंद्रदेव, अखिलेश कुमार, अजय कुमार ने सभी छात्रों को बधाई दिया।

## विद्या विजन एकेडमी में मनाया गया सम्मान समारोह

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ सातमील मोड़, बैंक अ०फ इंडिया के बगल में स्थित विद्या विजन एकेडमी के विद्यार्थियों का मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। संस्थान के निदेशक सुरेंद्र कुमार व संचालक सुशील कुमार पाठक ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंकज कुमार 446 अंक लाकर संस्थान ट०पर बने। इनके अलावा रीता 438, सुभाष 433, आकाश 425, सूरज 420, बिपिन 416, काजल 415, आनंद 401, संजय 401, पलक वर्मा 400 ने 80ः या उससे अधिक अंक लाकर संस्थान का नाम रौशन किया। संस्थान के प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में विक्की, नीतू, सहदेव, अंजलि, सोनू, तुलसी, उमेश, महेश, चांद आदि रहे।







